आकाशवाणी केन्द्र शिमला
27.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

मुख्य समाचार

- प्रदेश में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार चरम पर– मतदान के लिए अब केवल चार दिन शेष।
- केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा– पिछले 10 वर्षों की उपलब्धियों के आधार पर जीत की हैट्रिक लगाएगी भाजपा।
- कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी का आरोप– केंद्र की गलत नीतियों के कारण बढ़ी महंगाई व बेरोजगारी।
- चुनाव आयोग ने ज़िला निर्वाचन अधिकारियों के साथ की वर्चुअल बैठक– मतदान व मतगणना की तैयारियों का लिया जायजा।

....................

अनुराग ठाकुर

प्रदेश में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार अभियान चरम पर है। मतदान के लिए अब केवल 4 दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में प्रमुख राजनीतिक दलों भाजपा व कांग्रेस के नेता व उम्मीदवार निरंतर प्रचार में जुटे हुए है। केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर ने आज बिलासपुर जिले के झंडुता, हमीरपुर मंडल और भोरंज में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने केंद्र सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों की जानकारी दी और कहा कि इन्हीं उपलब्धियों के आधार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा जीत की हैट्रिक लगाएगी। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि आज का भारत आगे बढ़ना चाहता है और ऐसे में देश एक सशक्त और मजबूत नेतृत्व को चुनने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि हमेशा से कांग्रेस का एजेंडा देश के पैसों को अपनी जेबों में भरने का रहा है कांग्रेस भारत से परमाणू हथियारों को खत्म करना चाहती है।

प्रियंका गांधी

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा है कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण मंहगाई व बेरोजगारी बढ़ी है। हिमाचल दौरे के दौरान आज कांगड़ा जिले के शाहपुर और चंबा में चुनावी जनसभाओं में उन्होंने कहा कि देश में कांग्रेस की सरकार बनते

ही सभी गारंटियां पूरी कर जनता को लाभ पहुंचाया जाएगा। प्रियंका गांधी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार तमाम मुश्किलों के बावजूद ईमानदारी के साथ लोगों की सेवा करने के लिए दिन रात काम कर रही है और सभी गारंटियों को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष आई आपदा के दौरान राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से कटौती कर प्रभावित परिवारों की मदद की है। कांग्रेस महासचिव ने कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार आनंद शर्मा को विजयी बनाने में सहयोग का आग्रह किया ताकि विकास की रफ्तार को आगे बढ़ाया जा सके। प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा केवल सत्ता हथियाने के लिए राजनीति करती है जिसका हाल ही में प्रदेश में भी उदाहरण देखने को मिला है।

मुख्यमंत्री

इस बीच शाहपुर के चंबी में अपने संबोधन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही असली ताकत है और जनता ही धन बल का मुकाबला कर सकती है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी चारों लोकसभा सीटें और विधानसभा उपचुनाव की सभी छः सीटें बड़े अंतर से जीतेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पूर्व सरकार के कार्यकाल में बने भ्रष्टाचार के दरवाजों को बंद कर दो हजार दो सौ करोड़ रूपए का अतिरिक्त राजस्व कमाया है जिसे अब योजनाओं के माध्यम से लोगों में बांटा जा रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा सहित अन्य नेताओं ने भी रैली को संबोधित किया।

अग्निहोत्री

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार आंकड़ों में मजबूत है और चुनाव के बाद और मजबूत हो जाएगी। ऊना ज़िले में हरोली विधानसभा क्षेत्र के सलोह में एक जनसभा में उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव में भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ेगा। अग्निहोत्री ने कहा कि भाजपा मंहगाई व बेरोजगारी पर कोई जवाब नहीं दे पा रही है।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस सरकार ने डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में मातृ शक्ति, युवाओं, किसानों और बागवानों को ठगा है। हमीरपुर जिले के बड़सर में एक जनसभा में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हर महीने केवल कर्ज

लेने का काम किया है और विकास का एक भी कार्य नहीं किया गया है। इसके अलावा जनता के हितों से जुड़े कार्यों को भी रोकने का काम किया गया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री की नाकामी के कारण ही कांग्रेसी विधायकों ने उनका साथ छोड़ा है।

## सुरेश कश्यप

शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार सुरेश कश्यप ने आज नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में सत्ता में आने के बाद से कांग्रेस ने जनता को केवल गुमराह और परेशान किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार विधानसभा चुनावों के दौरान किए गए वायदों को पूरा करने में भी नाकाम रही है।

## विक्रमादित्य सिंह

दूसरी ओर मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह ने आज सुंदरनगर क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया। चुनावी जनसभा में उन्होंने कहा कि सांसद बनने के बाद मंडी को स्मार्ट सिटी बनाना और कुल्लू में मैडिकल कॉलेज की स्थापना सहित पर्यटन की दृष्टि से जलोड़ी जोत व भुभु जोत पर सुरंग का निर्माण उनका प्रमुख लक्ष्य है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सेना में हिमाचल रेजिमेंट के गठन और सेब पर आयात शुल्क शतप्रतिशत करने के पूरे प्रयास किए जाएंगे।

## चुनाव तैयारी

देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने आज राज्य के ज़िला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक कर चुनाव तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। इस बैठक में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार व डॉक्टर सुखबीर सिंह सहित आयोग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। इस बैठक में ज़िला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान और मतगणना प्रक्रिया को पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक व उचित प्रबंध करने को कहा गया है। आयोग की ओर से नियुक्त सभी पर्यवेक्षकों को, संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचन अधिकारियों, ज़िलाधीशों और पुलिस अधीक्षकों को हर समय अलर्ट रहने को भी कहा गया है।

जागरूकता वाहन

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग द्वारा रवाना किए गए मतदाता जागरूकता वाहन प्रदेश के विभिन्न जिलों में पहुंच गए हैं। इन जिला मुख्यालयों से जागरूकता वाहनों को विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के लिए रवाना कर दिया गया है। इन वाहनों के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में लोगों को एक जून को शतप्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया जाएगा। निर्वाचन विभाग ने सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़–चढ़ कर और सक्रिय रूप से भाग लेने का आहवान किया है।

ईवीएम

लोकसभा चुनाव और लाहौल स्पिति विधानसभा उपचुनाव के लिए ई.वी.एम. सेना के हैलीकॉप्टर के माध्यम से काज़ा पहुंचा दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि स्पीति उपमंडल के 29 मतदान केंद्रों के लिए 11 अतिरिक्त मशीनें भेजी गई है। उन्होंने कहा कि ई.वी.एम. और वी.वी.पैट मशीनों को काज़ा में बनाए गए स्ट्रॉंग रूम में सुरक्षित पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि ई.वी.एम. ले जाते समय चुनाव आयोग की ओर से जारी सभी दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार एक जून को मतदान के बाद दो जून को सभी मशीनों को केलंग में बने स्ट्रॉंग रूम में पहुंचाया जाएगा।

पुण्य तिथि

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को आज उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी नेताओं व पदाधिकारियों ने पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि दी और उनके त्याग व बलिदान को याद किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष नरेश चौहान ने कहा कि पंडित नेहरू ने अपने कुशल नेतृत्व व सशक्त निर्णयों से आधुनिक भारत की नींव रखी थी।

परियोजना

मंडी जिले में लारजी जलविद्युत परियोजना की दूसरी इकाई पूरी तरह बहाल हो गई है और बहाली के बाद इस इकाई में एक सौ 89 लाख 71 यूनिट का शुद्ध विद्युत उत्पादन हुआ है। इससे राज्य विद्युत बोर्ड को 9 सौ 48 लाख रूपए का अनुमानित राजस्व प्राप्त हुआ है। बोर्ड के निदेशक अनुराग चंद्र शर्मा ने बताया कि बोर्ड इस परियोजना की शेष दो इकाईयों को बहाल करने के लिए भी निरंतर प्रयास कर रहा है। परियोजना की दूसरी इकाई

में अगले महीने के अंत तक उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि परियोजना की सभी इकाईयां पूरी तरह बहाल होने के बाद लारजी जलविद्युत परियोजन हर वर्ष करीब छः सौ 20 मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन करेगी। ये परियोजना पिछले वर्ष जुलाई माह से भारी बरसात के कारण क्षतिग्रस्त होने से बंद पड़ी थी।

मौसम

प्रदेश के अनेक भागों में भीष्ण गर्मी का दौर जारी है। खासतौर पर दिन के समय तापमान बढ़ने के कारण गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है। ऊना आज 44 डिर्गी सैल्यिस तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। इसी तरह बिलासपुर का तामपान 42 दशमलव सात डिग्री जबकि हमीरपुर का तापमान 41 दशमलव 9 डिग्री सैल्यिस रिकॉर्ड किया गया। कई अन्य स्थानों पर भी तापमान 40 डिग्री सैल्यिस के आसपस बना हुआ है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान मौसम के साफ बने रहने की संभावना जताई है।

नमस्कार।